Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-04-2023 | अंक 533

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना एक कि मौत, पूर्व विधायक ने की मुआवजा की मांग



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गोरहर में एनएच 2 जीटी रोड फोरलेन गैस एजेंसी के सामने गोरहर निवासी सेवा साव के पुत्र गिरधारी साव की मौत सड़क दुर्घटना में हो गयी, मृतक एक अनियंत्रित वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया था जहाँ मौके पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव घटना स्थल पर पहुँचे, व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य बंधवाया, वहीं पूर्व विधायक के पहल पर तत्काल परिजनों को अंत्योष्टि हेतू पचीस हजार रूपये आर्थिक सहयोग करवाये। पूर्व विधायक ने कहा कि सिक्सलेन सड़क निर्माण कार्य करवा रही राजकेशरी कंपनी द्वारा सुरक्षा मानक की खुलेआम धज्जियां उडाते हुये निर्माण कार्य कराया जा रहा है, इससे राहगीरों की मौत हो रही हैं। पूर्व विधायक ने तत्काल मृतक गिरधारी साव के परिजनों को दस लाख रुपये मुआवजा दी जाय और सड़क दुर्घटना न हो, इस पर सड़क निर्माण करा रही राजकेशरी कंपनी को ध्यान देने की जरूरत है। नहीं तो निर्माण कार्य आम जनता के सहयोग से रोका जाएगा। आखिर कब तक लोग अपनी प्राण गवातें रहेंगे। मौके पर मौके पर मुखिया आलोक सिंह, मुखिया निजाम अंसारी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, पूर्व मुखिया बसंत साव, छोटन कोल, धीरेंद्र पांडेय, झामुमो केंद्रीय सदस्य बासुदेव प्रसाद, लखन साव, राजकुमार नायक, संजय, साव समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नेतरहाट विद्यालय में शोक सभा



**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन की सूचना प्राप्त होते झारखंड के शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई, जहां नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने विभागीय आदेश तहत एवं प्राचार्य डॉ संतोष कुमार के निर्देशानुसार विद्यालय के शिक्षको, प्रशिक्षकों, कार्यालय कर्मचारी, चतुर्थ वर्गीय कर्मीयों एवं छात्रो के साथ मुख्य भवन परिसर में शोक सभा रखा गया।शोक सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक रवि प्रकाश सिंह ने दिवंगत मंत्री के विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम को याद करते हुए उनकी कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा नेतरहाट विद्यालय की प्रशंसा करते हुए, मंत्री जी ने नेतरहाट जैसे विद्यालय राज्य के सभी जिलों में खोले जाने की आवश्यकता बताई थी। वही शोक सभा में कहा कि दिवंगत आत्मा एवं परिवारजनों को इस असीम दुख सहने की छमता मिले।ईश्वर से प्रार्थना कि गई, शोक सभा के बाद मंत्री जी के सम्मान में विद्यालय के सभी कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

# एक ही आँगन से निकली तीन अर्थी, एक ही चिता पर पति पत्नी की दी गई मुखाग्नि, पोते को दी गई मिट्टी







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही : कोडरमा जिले के उरवां मोड़ में हुए सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सहित एक महिला का मौत हो गया। वहीं अन्य पांच घायल इलाजरत है। घटना में चौपारण के प्रसिद्ध ब्यवसायी विजय साहू के पिता चंद्रभूषण नायक, माता निर्गुण देवी और इनके पांच वर्षीय इकलौते पुत्र देवराज साहू और चक्रसार गांव की एक महिला चंचला देवी के मौत की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। पूरे गांव कसियाडीह में लगभग 24 घण्टे तक चूल्हा नहीं जला । सुबह से लोगों का हुजूम उनके घर कसियाडीह पहुंचने लगे और उनके परिजनों को ढाढस बंधाया। वहीं पोस्टमार्टम होने में देर होने के कारण मृतकों का पार्थिव शरीर लगभग दो बजे दोपहर में पहुंचा। पार्थिव शरीर आने के बाद एक ही आंगन से तीन अर्थी निकली।

**सबके जुबां में थी एक ही चर्चा, पांच साल के बच्चे को क्यों छीना भगवान**

आए लोगों के जुबां पर एक ही चर्चा थी कि भगवान ने इतनी नाइंसाफी क्यों कि। वृद्ध माता पिता तक तो कुछ ठीक था उनके पांच वर्षीय इकलौते पुत्र को क्यों छीन लिए भगवान। वहीं पांच वर्षीय बच्चे को पिता विजय साहू ने मिट्टी दी। वहीं इस समय इसके पिता का रो रो बुरा हाल था।

**एक ही चिता पर दी गई पति पत्नी की मुखाग्नि**

वहीं विजय साव के पिता चंद्रभूषण नायक और उनकी माता निर्गुण देवी को एक ही चिता पर मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र नन्दू साव ने दी। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, जिप सदस्य रवि शंकर अकेला,सुनील साहू, समा. जसेवी भुनेश्वर यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, मुकुंद साहू, टीएसएस प्रमुख अरुण साहू, मुखिया जानकी यादव, मुखिया गंदौरी दांगी, मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह,मोहन साव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरबिंद सिन्हा,बीरबल साहू, महेंद्र साहू, मनोज कुमार , मुनेश्वर गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित हज़ारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने चित्ता पर लकड़ी दिया। और इनके परिजनों को हिम्मत दी।

**अब भी पांच घायलों का चल रहा इलाज**

वहीं अब भी घटना में घायल विजय साव की पत्नी सोनम देवी, भाभी रीता देवी, भतीजा शिवराज, भगनी उषा कुमारी और इनके बहनोई रामचन्द्र साव का इलाज चल रहा है। वहीं विजय की पत्नी और बहनोई का पारस अस्पताल राँची में इलाज चल रहा है। बाकी तीन का इलाज हाज़ारीबाग़ में चल रहा है

**पूर्व में भी घट चुकी है हिर्दय विदारक घटना**

बतादें की चयकला पंचायत में पूर्व में भी इस तरह की घटना घट चुका है। जहां 2004 में चयकला पंचायत के एक ही गांव चयकला के 7 लोगों का चरही में हुए सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। उस दौरान भी चयकला के द्वारिका दांगी और उनकी पत्नी का एक ही चिता पर मुखाग्नि दी गई।

# विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा संपन्न

## हनुमान जी की भक्ति ही कलयुग में धर्म का मूल है : गुरूदेव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही : विश्व हिंदू परिषद ने द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शोभायात्रा निकाला गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक माननीय मनोज कुमार यादव शामिल हुए। कार्यक्रम के शुरुआत में विहिप के सभी सदस्यों एवं सनातनी परिवार के श्री राम भक्त प्रखंड परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर विधिवत पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात शोभायात्रा का प्रारंभ किया गया इस शोभायात्रा में भगवान हनुमान जी की जीवंत झांकी गाजियाबाद के साथ प्रस्तुत की गई। वहीं शोभायात्रा का बरही के चारो मुख्य मार्गो में भ्रमण करते हुए धनबाद रोड में स्थित बजरंग बली मंदिर पहुंची। जहां विधिवत हनुमान चालीसा, हनुमान आरती एवं श्री राम स्तुति के साथ पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस दौरान पूरा बरही नगर क्षेत्र श्री हनुमान जी के जीवंत झांकी के साथ-साथ नारों से गुंजायमान हो गया। सभी हनुमान भक्त लाल लंगोटा लाल निशान जय बजरंगी जय हनुमान के नारे के साथ चारों रोड का भ्रमण किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि कलयुग में प्रभु हनुमान ही अजर और अमर हैं। उन के माध्यम से ही प्रभु श्री राम की कृपा प्राप्त की जा सकती है बिना हनुमान के राम की प्राप्ति संभव नहीं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण तुलसीदास के जीवन में घटित घटनाओं से मिलता है । हनुमान जी की सच्ची भक्ति करने वाला सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्त होकर समस्त सुखों को प्राप्त करते हुए अपने अंत काल में प्रभु श्री राम के चरणों में समर्पित हो जाता है और जीवन के बंधन से मुक्त हो जाता है । ऐसी स्थिति में सभी सनातनी परिवारों को सच्चे मन से श्री हनुमान जी की वंदना साधना करनी चाहिए और अपने जीवन को सर्वश्रेष्ठ शिखर तक ले जाने का प्रयास करना चाहिए। हनुमान जी की जन्मोत्सव के अवसर पर हमें उनके चरित्र से भक्ति के कुछ अंश ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए ताकि हमारा जीवन सार्थक और सफल हो सके और हमारा धर्म और समाज सुरक्षित रह सके। वहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर एवं एसडीपीओ नाजिर अख्तर स्वयं तैनात थे। इस कार्यक्रम में बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश कुमार, जिला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केसरी, संजय राणा, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड संयोजक अरविंद कुमार, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, सुजाता कुमारी, प्रियंका देवी, शीला देवी, चंदन केसरी, राजदेव यादव, संजय राणा, सोनू पांडेय, सागर चंद्रवंशी, गिरजा साहू, शंकर कुमार, राजेंद्र कुशवाहा, पिंटू सिंह, राजेंद्र केसरी, प्रभु राणा, डॉ कृष्णा केसरी, प्रोफेसर राम पदारथ शर्मा, गोविंद चंद्रवंशी, राजेश केसरी उर्फ मेवालाल, प्रकाश साहू ,उपेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, सोनू केशरवानी, प्रदुमन सिंह, शिवम कुमार, सचिन कुमार, अरुण केशरी, युगल यादव, अशोक यादव, सुरेंद्र रजक, आकाश कुमार, राजन यादव, लल्लन चंद्रवंशी, अरुण साहू, अमित कुमार, पिंटू केशरी, केदार यादव, मनोज यादव, रिंकू साहू, कृष्णा रविदास, परमेश्वर प्रजापति, नवरंगी लाल एवं सुरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों अन्य रामभक्त मौजूद थे।

APEM LIVE

24 घंटे सेवा
HOTEL
9122662308
6299699176
आकाश पैलेस
AC/NON AC ROOMS & MARRIAGE HALL
सागर टेन्ट हाउस

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## स्व जगन्नाथ महतो की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए बेसिक स्कूल पंच माधव में किया गया शोक सभा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शोकसभा में शामिल बेसिक स्कूल के बच्चे

बुनियादी विद्यालय पंचमाधव के प्रांगण में शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ महतो की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण एवं शोक सभा शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा किया गया शोक सभा में पंच माधव पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्री हरेंद्र गोप एवं वार्ड सदस्य उपस्थित हुए । विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने कहा कि अचानक हम लोगों के बीच से शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का दिवंगत हो जाना अपूरणीय क्षति है, मुखिया प्रतिनिधि श्री हरेंद्र गोप ने कहा कि श्री महतो एक बहुत आदर्श और सुलझे हुए व्यक्ति थे । यह कभी भी नहीं लगा कि वह मंत्री हैं । इनकी मृदुल स्वभाव आज भी हम लोगों को याद है और सदैव याद रहेगा। शिक्षक मनोज कुमार घोष ने कहा कि आज हमने एक अभिभावक को खो दिया, जो कि शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाया। वे शिक्षकों का दुख अपना दुख समझते थे। शोक सभा में संजय कुमार दुबे, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र ग्रुप, शिक्षक मनोज कुमार घोष, सरफराज अहमद , दामोदर साव शिक्षिका बिंदिया देवी गायत्री सिन्हा उपस्थित रहे।

## भाजपा पश्चिमी मंडल की बैठक में मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

### 11 अप्रैल को आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल भाजपाई

भाजपा पश्चिमी मंडल की एक बैठक गुरुवार को बरही आईबी में हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने किया। बतौर मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उदयभान नारायण सिंह, बूथ प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह मौजूद थे। मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने कहा की 1980 को अपनी स्थापना के बाद से बीजेपी ने लंबा सफर तया किया है। इसके साथ ही वह देश में सबसे अधिक सांसदों, विधायकों और पार्षदों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी है। वहीं मौके पर बरही पश्चिमी मंडल में बूथ एवं पन्ना प्रमुख बनाने के लिए पंचायत प्रभारियों को जिम्मा दिया गया। बताया गया की आगामी 11 अप्रैल को भाजपा प्रदेश के निर्देशानुसार झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें भारी संख्या में बरही पश्चिमी भाजपा मंडल से भाजपा कार्यकर्ता शामिल होने का निर्णय लिया गया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, अनुमंडलीय सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, बरही विधान सभा सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, मंडल सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, मंडल के महामंत्री प्रमोद सिंह, उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, मुखिया गोविंद साहू, दिलीप गुप्ता, प्रो. हीरामन साहू, लक्ष्मी सिंह, मोती सिंह, पप्पू चंद्रवंशी, एससी अध्यक्ष नागेश्वर रजक, कार्यकर्ता रविंद्र सिंह समेत अन्य भाजपाई मौजूद थे।

## पीड़ित परिवार से मिलने रांची पहुंचे पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू एवं दीपक गुप्ता

### दीपक गुप्ता ने घायल महिला के बेहतर इलाज के लिए किया रक्तदान





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बीते दिन चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जामूखांडी के नजदीक हुई ट्रक एवं बोलेरो के बीच हुई जोरदार टक्कर में चौपारण प्रखंड अंतर्गत चयकला पंचायत के कसियाडीह निवासी समाजसेवी विजय साव के माता, पिता व पुत्र का निधन हो गया था। बाकी बोलेरो में सवार अन्य कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहीं घायलों से मिलने बड़कागांव विधानसभा के पूर्व विधायक सह मंत्री योगेंद्र साहू एवं कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता दीपक गुप्ता एवं पंकज कश्यप पारस हॉस्पिटल रांची पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होंने मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया। साथ ही दीपक गुप्ता ने विजय साहू के पत्नी सोनम देवी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए रक्तदान भी किया। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायल हुए सभी घायलों को स्वास्थ्य होने के लिए ईश्वर से कामना किया।

## जिप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव एवं मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत के नईटांड के नजदीक नवनिर्मित अंजली बाइक स्पेयर, पार्ट्स सर्विस सेंटर का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव एवं धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उपस्थित स्पेयर पार्ट्स, सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर तिलक यादव ने बताया कि उनके दुकान में हर प्रकार के दो पहिया वाहन की मरम्मत कुशल कारीगर के द्वारा उचित मूल्य पर किया जाएगा। वहीं सभी प्रकार के बाइक स्कूटर आदि के पार्ट्स, हेलमेट आदि सभी चीजें उचित मूल्य पर मिलेगी। मौके पर विनोद प्रसाद, प्रकाश साव, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, केशव यादव, मनोज केसरी, सकलदेव यादव, विकास यादव, मनोज यादव, दिनेश यादव,विनोद ठाकुर, राजेश ठाकुर, रामसहाय यादव, संजय ठाकुर, महादेव यादव, अजीत यादव, जागेश्वर साव,महेश यादव, प्रकाश पांडे, इंद्रदेव यादव, अंकित यादव,शंकर केसरी, कैलाश केसरी, पवन केसरी, संजय केसरी, सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाजपाइयों ने मनाया पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस, पूर्व विधायक हुए शामिल





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही धनबाद रोड में पुरानी भगवती मंदिर के पीछे स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस भा.जपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक के अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला जीप उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशुन यादव एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा के संस्थापक रहे पंडित दीनदयाल एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में शामिल सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा का स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुआ था। कार्यकर्ताओं को संघर्ष और अपनी विचारधारा पर लगातार चलते हुए हम लोग आगे बढ़ते जा रहे है जिससे भाजपा आज भारत में ही नही बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, बरही पश्चिमी जीप प्रतिनिधि, गैरियाकरमा मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, सुरेंद्र रजक, परमेश्वर यादव, रितेश गुप्ता, अशोक यादव, युगल यादव, उपेंद्र सिंह, घनश्याम यादव, नंदकिशोर कुमार, मेवालाल केशरी, धर्मेंद्र यादव, अजीत कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार, पिंटू सिंह, संजय यादव, राजदेव यादव, भूपेंद्र यादव, नारायण राम, भरत सिंह, केदार यादव, मनोज यादव, मिथिलेश कुमार, सचिन यादव, पिंटू यादव, विनय सिन्हा, बीरेंद्र केशरी एवं अजय दास सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## विजय साहू के माता-पिता व पुत्र के शव यात्रा में शामिल हुए टी.एस.एस अध्यक्ष अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चौपारण प्रखंड अंतर्गत चयकला पंचायत के कसियाडीह निवासी विजय साहू के माता पिता और उनके इकलौते पुत्र की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सूचना मिलते ही तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू पीड़ित परिवार से मिलने कसियाडीह पहुंचे जहां पहुंचकर उन्होंने शव को कंधा भी दिया। श्री साहू ने कहा कि इनके माता-पिता मेरे अभिभावक तुल्य और पूजनीय थे। इनके पिताजी एक सामाजिक व्यक्ति थे और सामाजिक कार्यो में हमेशा बढ़ - चढ़ाकर भाग लेते थे। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उनका जाना परिवार, समाज व मेरे लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कोई अन्य व्यक्ति नहीं कर सकता। मौके पर बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही मीडीया प्रभारी बबलू साहू, युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, टीएसएस के सक्रिय कार्यकर्ता मनोज साव, चेतलाल साव, अफाक आलम, मुनेश्वर गुप्ता, बीरबल साहू, महेन्दर साहू, कृष्णा साव, संजय साहू व परिवार जनों के अलावा अन्य सैकडो़ लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड राज्य अनुबंन्ध कर्मचारी महासंघ ने जगरनाथ महतो के निधन पर किया शोक व्यक्त

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : झारखण्ड राज्य अनुबंन्ध कर्मचारी महासंघ ,झारखण्ड ने सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्ति किया है ।महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रांत ज्योति ने कहा कि स्व महतो का निधन सूबे के लिए अपूर्णीय क्षति है ।स्व महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुशील कुमार पांडेय केंद्रीय सँयुक्त सचिव झारखण्ड राज्य अनुबंन्ध कर्मचारी महासंघ ने कहा कि झारखण्ड के इतिहास में ऐसा जिंदादिल शिक्षा मंत्री पहले नही हुआ जो अपने कामो से वर्षो से उपेक्षित पारा शिक्षक (सहायक आचार्य को) उचित सम्मान दिलाने के लिए चिंतित रहा हो ।स्व महतो के कारण आज 65 हजार पारा शिक्षकों के घरों में खुशियां लौटी है विंगत हर सरकार में पारा शिक्षकों का समय आंदोलन ,विरोध धरना ,प्रदर्शन ,आमरण अनशन घेरा डालो डेरा डालो जैसे गतिविधियों में ही बीतता था ।इन्होंने पहली बार पारा शिक्षकों के साथ बैठ कर उचित राह निकालने का प्रयास किया ,कोरोना पीरियड के बाद इन्होंने ठीक से काम ही शुरु किया था ।कहा कि झारखण्ड में सभी अनुबन्धकर्मियो के लिए अच्छा सोच रखने वाले हाजिर जबाबी मंत्री के रूप में इनको सदा याद किया जाएगा । स्व महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विनय कुमार सिंह केंद्रीय कोषाध्यक्ष झारखण्ड राज्य अनुबन्ध कर्मचारी महासंघ झारखण्ड ने कहा कि जगरनाथ दा झारखण्ड के टाइगर थे और अंतिम समय तक वे अपनी बेबाक अंदाज के लिए जाने जायेगे ।उनके निधन से झारखण्ड के तमाम अनुबन्धकर्मियो की आवाज आज सदा के लिए बंद हो गया । स्व महतो के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों संतोष कुमार ,मीरा कुमारी ,धरनी कुमारी जूही मिंज अनुरंजन कुमार ,माला देवी ,राखी देवी सीता तिग्गा ,मुकेश चौधरी ,सूरज दुबे सहित प्रदेश के तमाम अनुबन्धकर्मियो शामिल है

## शिक्षा मंत्री का निधन अपूरणीय क्षति : अरुण चौधरी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का चेन्नई में इलाज के दौरान अस्पताल में निधन हो जाने के बाद सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में शोक सभा का आयोजन किया ।तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि श्री जगन्नाथ महतो जी को सरस्वती विद्या मंदिर से गहरा लगाव था वे सरस्वती विद्या मंदिर गुंजरडीह जिला गुमला के सचिव थे। उनके निधन से झारखंड को अपूर्णीय क्षति हुई है ।इस दौरान लालबहादुर राम , शशिकांत पांडे , विजय पाठक , ओंकार नाथ सहाय , राधे श्याम मिश्र , विजेंद्र शर्मा , ममता देवी , सुरेश ठाकुर , नीलम , अभिनय कुंभकार , रेणु गुप्ता , गीता कुमारी , गोपाल प्रसाद , रितेश रंजन गुप्ता , धर्मप्रकाश प्रसाद , पूनम गुप्ता , आलोक कुमार पांडेय , फूलचंद सिंह , कपिल देव प्रमाणिक , रविकांत पाठक , राकेश कुमार सिन्हा , रविन्द्र कुमार पांडेय , दीपक कुमार शर्मा , विकास कुमार गुप्ता , रजनी नाग , श्वेता श्रीवास्तव , प्रवीण प्रसाद यादव , रूपेश सिंह , अनुजा कुमारी , उपासना कुमारी , शिल्पा पाठक ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखण्ड के शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर दो दिनों का राजकीय शोक

### बरही प्रखण्ड के कर्मियों ने किया शोक व्यक्त

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जगरनाथ महतो मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड के असामयिक निधन पर राज्य सरकार ने दिवंगत माननीय मंत्री के सम्मान में 06 अप्रैल से 07 अप्रैल तक दो दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया है। उक्त अवधि में उन सभी भवनों, जहाँ नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे एवं किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य सरकार के सभी कार्यालय दिनांक 06 अप्रैल 2023 को बन्द रहेंगे।राज्य सरकार के राजकीय शोक के निर्णय के आलोक में प्रखण्ड सह अंचल के सभी अधिकारीयों व कर्मियों ने शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीआई सतीश कुमार सिन्हा, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, मो इम्तियाज, दीपक कुमार, सुभाष कुमार, सहोदर कुमार, जीवलाल, सागर कुमार, कृष्ण मोहन सहित अन्य प्रखण्ड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

## बैंक में कैश की कमी से उपभोक्ता परेशान,कैसे मने त्यौहार सोचकर हुए हैरान – परेशान एकमात्र एटीएम बना हाथी दांत

**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड स्थित एकमात्र भारतीए स्टेट बैंक एवं उसके सहयोगी झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में कई दिनों से कैश की कमी बनी हुई है। जिसके कारण ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।बताते चले की गुड फ्राईडे एवं चल रहे रमजान के महीना में भी ग्राहको को प्रखंड के एकमात्र बैंक द्वारा कैश भुगतान नहीं किए जाने से ग्राहक परेशान है। इतना तक की बिमारी के ईलाज में अन्यथा बहुत जरूरी रहने पर भी अपना पैसा रहते लोग अपनी राशि नही निकाल पा रहें हैं।ग्राहक द्वारा कैश मांगने पर बैंककर्मी के द्वारा राशि नहीं रहने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया जाता हैं। बैंककर्मियों की मानें तो बैंक में राशि की किल्लत अभी आगे भी बनी रहने की पूरी संभावना है क्योकि कैश लाने के लिए फोर्स नहीं मिलने से कैस नहीं लाया जा सका है वही प्रखंड का एकमात्र एटीएम भी हाथी दांत बन चूका है जो कभी खुलता ही नहीं है। वही इस संबंध में कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने कहा कि बैंक में राशि नहीं मिलने के कारण त्योहार की तैयारी में लोगो को परेशानी हो रही है या फिर बाजार से ब्याज में या किसी परिचित से पैसा लेना पड़ रहा है। जिसके कारण आम उपभोक्ताओं व ग्राहकों में गुस्सा भी व्याप्त होता जा रहा है। राशि को लेकर कई बार ग्राहक व बैंककर्मी में झड़प भी हो जा रही है इसके बावजूद बैंक में पर्याप्त राशि नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण ग्राहकों को राशि देने में बैंककर्मी को परेशानी हो रही है। कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने इसका निदान करने की मांग प्रशासन से की है, अन्यथा आक्रोशित होकर यंहा कि जनता चरणबद्ध आंदोलन चलाने की बात कही है।

## भाजपा ने पार्टी के स्थापना दिवस किया झंडोत्तोलन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में झंडोत्तोलन किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई।तत्पश्चात सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह के अध्यक्षता में जनसंघ काल के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं गोपाल उपाध्याय, जवाहर अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद सौंडीक, जयप्रकाश महालका, नारद पांडेय एवं प्रेमचंद दास को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी राजीव शाहदेव ने कहा कि जनसंघ काल से जुड़े सभी जनसंघी/वरिष्ठ भाजपा के नेता का परिश्रम का फल है कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंच रही है।चाहे वह किसान हो,मजदूर हो, गरीब हो, दिव्यांग हो सभी स्तर पर सामाजिक सदभाव के साथ विकास कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बंसी यादव ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव, कार्यक्रम सह प्रभारी राजेश शाह, नगर पंचायत के अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती प्रसाद सोनी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे उषा देवी, जिला मंत्री संतोष यादव, महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पलामू प्रमंडल के प्रभारी कल्याणी पांडे,जिला कार्यसमिति सदस्य रामदेव सिंह, रानी देवी, गणेश प्रसाद, मनोज प्रसाद, आशा देवी किसान मोर्चा के चंदवा मंडल अध्यक्ष राजमणि वैद्य, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद,ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु प्रसाद गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण प्रमोद कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, मंडल महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी, विवेकानंद गुप्ता, युवा मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष सागर कुमार,पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह उपस्थित थे

## लातेहार अंचल के खिलाफ आजसू पार्टी ने किया हल्लाबोल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : आजसू पार्टी के तत्वाधान जिला अध्यक्ष अमित पांडे के नेतृत्व में गुरुवार को एक जन आक्रोश रैली निकाली गई।. रैली बाजार टांड़ से होते हुए समाहरणालय परिसर में पंहुच कर धरना में तब्दील हो गई। इस अवसर पर सभा को संबो. धित करते हुए जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि अंचलों में कोई भी कार्य बिना दलाली के नहीं हो पा रही है जिससे आम जनता काफी त्रस्त है साथ ही साथ बिचौलियों की मनमानी कुछ इस तरह बढ़ गई है कि कोई भी रैयत बिना बिचौलियों के पैसा दिए अपना कार्य नहीं करवा सकता।मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पांडे ने कहा कि यह सरकार जल जंगल और जमीन बचाने के नाम पर झारखंड की भोली भाली जनता को ठग रही है। इस सरकार में अंचल अधिकारियों का इतना मनोबल बढ़ गया है कि वे सीधे तौर पर रजिस्टर टू जैसे दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष श्रवन पासवान ने कहा कि आने वाले चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकना ही हमारा लक्ष्य होगा साथ ही साथ अंचल में हो रहे गड़बड़ी को भी उजागर किया।इस दौरान सभी वक्ताओं ने अपनी-अपनी बात रखी एवं एक ज्ञापन उपायुक्त के नाम एसडीएम को दिया।मौके पर सद्दाम अंसारी, बिट्टू दास, राहुल दुबे,सोनू कुमार,संजय तिवारी,प्रीतम गुप्ता,नीमा देवी, अमर उरांव,राजा दुबे,रुपेश उरांव,लक्ष्मण प्रसाद,शंकर उरांव,उमेश ठाकुर, ताज मोहमद,अजीत लोहरा,अमित तुरी,पंकज जयसवाल,मुन्ना उरांव, पन्ना देवी,सुशील उरांव,सुनील उरांव,प्रतिभा देवी,संगीता देवी,सबिता देवी, रीमा देवी समेत सैकड़ों आम जनता मौजूद थे।

RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X^th Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26^th Jan & 15^th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

—— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



UDISE CODE - 20040105606

Arise Awake & Achieve

SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10

Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405

Mob. : 9955067983, 9934680783

Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

Career Opportunities

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

TEACHER REQUIREMENT

| Sl. No. | Post | Qualifacation |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate<br>Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate<br>+B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : **English/ SST/Science**

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783

Principal : 9470318683

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉo अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ईश्वर से प्रेम करो व अपने आसपास लोगों को प्रेम करना ईश्वर सिखाता है : बिशप थियोडोर

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : पास्का का पर्व ख्रीस्तीयों के लिए तीन दिवसीय समारोह होता है।सबसे पहले खजूर रविवार के द्वारा पवित्र सप्ताह में प्रवेश करते हैं। उसके बाद पुण्य बृहस्पतिवार के दिन कृतज्ञता के साथ प्रभु येसु के दुख भोग, मृत्यु एवं पुनरुत्थान के साथ साथ पूराने यहूदियों के पास्का त्यौहार का नए विधान के पास्का त्यौहार में परिवर्तन की याद करते हैं।डाल्टनगंज धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मसकरेनहस ने पुण्य बृहस्पतिवार को महुआडांड़ माता पल्ली में विशेष विनीत पूजा कराई।जहाँ उन्होंने ने कहा की ईश्वर से सबसे पहले प्रेम करो और अपने आसपास लोगों को प्रेम करो यही आज के लिए विशेष विनीत है। उन्होंने बताया कि नया व्यवस्थान में प्रभु येशु ख्रीस्त अपने दुखभोग,मृत्यु और पुनरुत्थान के पहले अपने शिष्यों से अंतिम विदाई लेते हैं। सबसे पहले उन्होंने अंतिम ब्यारी की, शिष्यों के साथ अंतिम बार भोजन किया। भोजन के समय उन्होंने विनम्रता की शिक्षा दी वे भोजन से उठकर गमछा लपेटकर अपने शिष्यों के बारे बारी से पैर धोए और पवित्र यूखरिस्त की स्थापना करते हुए वे कहते हैं मेरी यादगारी में तुम यह किया करो और इस तरह उन्होंने पुरोहिताई संस्कार की स्थापना की। फिर इस समारोह को वे एक दूसरे से प्रेम करने की शिक्षा के साथ अंत करते हैं।इसीलिए पुन्य बृहस्पतिवार को हम प्रभु येशु के इन्हीं तीन चीजों की याद करते हैं पहला –उन्होंने अंतिम ब्यारी की जिसमें उन्होंने पवित्र यूखरिस्त तथा पुरोहिताई संस्कार की स्थापना की। दूसरा उन्होंने शिष्यों के पैर धोकर विनम्रता की शिक्षा दी, और तीसरा उन्होंने कहा एक दूसरे से प्यार करो जैसे मैंने तुम्हें प्यार किया है इस तरह प्रेम की शिक्षा दी। आज आज के समारोह का लक्ष्य यही है कि हम नम्रता और निस्वा.र्थ भावना से सेवा करें एक दूसरे के प्रति प्रेम करें एकता एवं एक दूसरे के लिए दुख स्वीकार करें पवित्र पर्व प्रसाद को आदर पूर्वक ग्रहण करें। में बिशप थियोडोर द्वारा महुआडांड़ पल्ली से चुने हुए बारह व्यक्तियों के पैर धोकर येसु मसीह द्वारा अपने शिष्य का पैर धोकर अंगवस्त्र दिये थे उस याद करते उनके अनुसार बिशप स्वामी भी पैर धोकर अंगवस्त्र दिये। इस पवित्र मिस्सा बलिदान में बड़े फादर सुरेश, फादर दिलीप, फादर एमके जोश, बरथोलोमी, अजित, रौशन, सहित कई अन्य पुरोहित भाग लिऐ। इस पुण्य बृहस्पतिवार को भारी संख्या में ईसाई धर्मावलंबियों ने भाग लिया इस सफल बनाने में हेड प्रचार आन्नद, सिस्टर स्वाति, फादर रौशन, महिला संघ, युवा संघ का योगदान रहा।










डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार